# कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) रायपुर (छ.ग.)

Phone No. And Fax No. - 0771-2426831
E_Mail - actd.raipur@nic.in

// प्रेस विज्ञप्ति //

क्रमांक / 369 /आदि0वि0 / स्था. / 2023 रायपुर, दिनांक :– 12/5/23

छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का पत्र कमांक एफ 13–1/ आ.प्र./1–3 नवा रायपुर, दिनांक 03.05.2023 तथा आयुक्त, आदिम जाति तथा अनु. जाति विकास इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर के पत्र कमांक/ सा.स्था.3/ भर्ती–24/2023/ 1096 दिनांक 08.05.2023 में दिए गए निर्देश के तहत जिले में चतुर्थ श्रेणी (नियमित भृत्य) के रिक्त 01 पद (अनुसूचित जनजाति) पर **''चतुर्थ श्रेणी सेवा भरती नियम– 1972''** के अनुसार सीधी भर्ती किया जाना है। यह नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) कमांक 19668/ 2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगी।

रिक्त पद पर भर्ती हेतु पात्र एवं इच्छुक स्थानीय निवासी अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र डाक के माध्यम से दिनांक 15.05.2023 से 05.06.2023 तक कार्यालयीन समय में आमंत्रित किये जाते हैं।

उक्त पद पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र, नियम व शर्ते एवं विज्ञापन का विस्तृत विवरण जिले के वेबसाईट https://raipur.gov.in पर / कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास), रायपुर के सूचना पटल पर भी उपलब्ध है।

**सहायक आयुक्त,**
**आदिवासी विकास, रायपुर**

पृ. क्रमांक / 370 /आदि0वि0 / स्था.1. / 2023 रायपुर, दिनांक :– 12/5/23

**प्रतिलिपि :–**

(1) संयुक्त संचालक, जनसंपर्क विभाग, रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु । कृपया बहु–प्रसारित दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

(2) प्रभारी अधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र, कले0 परिसर, रायपुर को सूचनार्थ। कृपया उक्त विज्ञापन को जिले के वेबसाईट मे अपलोड कराने का कष्ट करें

**सहायक आयुक्त,**
**आदिवासी विकास, रायपुर**

Adv

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

# कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) रायपुर (छ.ग.)

Phone No. And Fax No.-0771-2426831 E-Mail- actd.raipur@nic.in


## // नियुक्ति हेतु विज्ञापन //

क्रमांक/ 367 /आदि.वि./स्था./ 2023 रायपुर दिनांक :– 12/5/23

छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का पत्र क्रमांक एफ 13–1/ आ.प्र./1–3 नवा रायपुर, दिनांक 03.05.2023 तथा आयुक्त, आदिम जाति तथा अनु. जाति विकास इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर के पत्र क्रमांक/ सा.स्था.3/ भर्ती–24/2023/ 1096 दिनांक 08.05.2023 में दिए गए निर्देशानुसार नियमित भृत्य के रिक्त पद पर वेतनमान 4750–7440 + ग्रेड वेतन 1300 पर योग्य उम्मीदवारों से दिनांक :– 05.06.2023 तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। रिक्त पद का विवरण निम्नानुसार है :–

| पदनाम | प्रवर्ग | रिक्त पदों की संख्या | |
|---|---|---|---|
| चतुर्थ श्रेणी (नियमित भृत्य ) | अनु0 जनजाति | 01 | |

**नियम एवं शर्तें :–**

1. उपरोक्त रिक्त पद छ.ग.शासन, आदिम जाति तथा अनु. जाति विकास विभाग, रायपुर द्वारा सृजित पदों के आधार पर है।
2. आवेदक को कक्षा पांचवी परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।
3. आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
4. आवेदक का जिला रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना आवश्यक है।
5. आवेदक के अनु. जनजाति होने संबंधी स्थायी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
6. आवेदन पत्र कार्यालय में जमा होने के बाद अभ्यर्थी द्वारा जन्मतिथि एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
7. कैलेण्डर वर्ष 2023 में की जा रही भर्ती के अन्तर्गत अनु. जनजाति वर्ग के आवेदकों की न्यूनतम आयु सीमा 01 जनवरी, 2023 को 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष में 05 वर्ष की छूट केवल एक बार देय होगी।
8. चयनित उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करते समय समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
9. जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् ही सेवा में लिया जावेगा।
10. जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् ही सेवा में लिया जावेगा।

Adv

छत्तीसगढ़ समाचार

11. जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् ही सेवा में लिया जावेगा।
12. पुलिस वेरीफिकेशन की कार्यवाही के दौरान कोई भी अनियमितता ज्ञात होने पर नियुक्ति निरस्त मानी जावेगी।
13. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है। अतएव नियुक्ति की शर्तो के अनुसार किसी भी समय सेवाएं समाप्त की जा सकती है।
14. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक निर्धारित सभी योग्यताएं पूर्ण होनी चाहिए। उसके पश्चात् प्राप्त की गई कोई भी योग्यता को मान्य नहीं किया जायेगा।
15. **नियुक्ति के लिए अपात्रता**– छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्ते) नियम, 1961 के नियम–6 के अनुसार शासकीय सेवा में नियुक्ति के लिए निम्नलिखित उम्मीदवार अपात्र होंगेः–

    (1) पुरूष उम्मीदवार जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों। इसी प्रकार महिला उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पत्नी जीवित हो। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है। अर्थात् यदि शासन का इस बात से समाधान हो जाए कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है, तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।

    (2) जो शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं पाया जाए।

    (3) जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो।

    (4) जिसने विवाह के लिए विहित की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो।

    (5) जिसकी दो से अधिक सन्तान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हुआ है, परन्तु निरर्हित नहीं होगा यदि एक संतान के जीवित रहते आगामी प्रसव में दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है।
16. **चयन प्रकिया** – शैक्षणिक योग्यता कक्षा 5 वीं के प्राप्तांक की वरीयता के आधार पर उम्मीदवार का चयन किया जावेगा। यदि किसी आवेदक को पांचवी कक्षा की अंकसूची में प्रतिशत अंक उल्लेखित न होकर सिर्फ ग्रेड दिया गया हो तो उन आवेदकों को उस ग्रेड का औसत प्रतिशत अंक प्रदान किया जायेगा। उदाहरण के लिए यदि किसी आवेदक को 5 वीं में ए ग्रेड मिला हो तथा ए ग्रेड 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक हो तो उस आवेदक के अंक को 85 प्रतिशत मानकर वरीयता सूची तैयार की जावेगी। यदि एक से अधिक उम्मीदवारों के कक्षा पांचवी का प्राप्तांक समान होने की स्थिति में आयु में जो उम्मीदवार वरिष्ठ होगा, वह चयन हेतु पात्र होगा। उपरोक्तानुसार वरिष्ठता के आधार पर सूची प्रकाशित की जावेगी तथा दावा–आपत्ति सूची जारी होने के 7 दिवस में किया जा सकेगा। तत्पश्चात् अंतिम चयन सूची दावा–आपत्ति के निराकरण के पश्चात् जारी की जावेगी।

Adv

17. आवेदन पत्र का प्रारूप :– आवेदक को आवेदन पत्र कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, रायपुर के द्वारा निर्धारित प्रारूप में ही प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निर्धारित प्रारूप कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है। निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र प्राप्त न होने पर आवेदन पत्र निरस्त माना जावेगा। आवेदक को आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित दस्तावेज संलग्न करना आवश्यक होगा:–
(अ) कक्षा पांचवी की अंकसूची (ब) अनु.जनजाति होने संबंधी स्थायी जाति प्रमाण पत्र (स) छ.ग. का मूल निवासी प्रमाण पत्र (द) रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र

18. **आवेदन पत्र जमा करने की विधि :–** आवेदक उपरोक्त निर्धारित आवेदन प्रारूप को स्पष्ट रूप से भरते हुए वांछित समस्त प्रमाण पत्र (दस्तावेज) की स्व–प्रमाणित छाया–प्रति संलग्न करते हुए डाक के माध्यम से लिफाफे के ऊपर एवं अन्दर में **" विषय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र"** लिखकर कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, रायपुर, कलेक्टर कार्यालय परिसर, कक्ष कमांक– 39, रायपुर पिन– 492001 पते पर प्रेषित किया जा सकता है। आवेदन पत्र कार्यालय में सीधे स्वीकार नहीं किये जावेंगे। आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन पत्र डाक के माध्यम से दिनांक 05.06.2023 को सायं 5.00 बजे तक ही स्वीकार किए जावेंगे। इस तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। एवं डाकघर के माध्यम से समय–सीमा के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र मान्य नहीं होगा। विज्ञापन जारी होने के पूर्व के प्रस्तुत आवेदन मान्य नहीं किए जावेंगे।

19. चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता/ अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार नियोक्ता को होगा।

20. यह नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) कमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगी।

**अपर कलेक्टर,**
**रायपुर.**

पृ. कमांक/ 368 /आदि.वि./स्था./ 2023 रायपुर दिनांक :– 12/5/2023

**प्रतिलिपि :–**

(1) संयुक्त संचालक, जनसंपर्क विभाग, रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु । कृपया बहु–प्रसारित दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

**अपर कलेक्टर,**
**रायपुर**

Adv

आवेदन पत्र का प्रारूप

## चतुर्थ श्रेणी (नियमित भृत्य) के पद हेतु आवेदन पत्र

स्वप्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें।

प्रति,

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास, रायपुर (छ.ग.)

1. आवेदक का नाम – ..........................................
2. पिता / पति का नाम – ..........................................
3. जन्मतिथि (अंकों में) – ..........................................
   (शब्दों में) ..........................................
4. दिनांक :– 01.01.2023 को आयु – वर्ष......... माह...... दिन.........
5. जाति / वर्ग – ..........................................
6. वर्तमान पता– पत्र व्यवहार हेतु – ..........................................
   ..........................................
7. स्थायी पता – ..........................................
   ..........................................
8. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन क0 / दि0 ..........................................
9. शैक्षणिक अर्हता –
   कक्षा पांचवी उत्तीर्ण करने का वर्ष ...................... शाला का नाम ..........................................
   जिला ..............................
10. कक्षा 5 वीं के अंकसूची के अनुसार– पूर्णांक.................... प्राप्तांक...................... प्रतिशत..................
    (प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा की स्व–प्रमाणित छाया–प्रति संलग्न करें)

संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची:–

..........................................
..........................................
..........................................
..........................................

आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर

..........................................

// घोषणा पत्र //

मैं श्री / श्रीमती / कुमारी .......................................... घोषणा करता / करती हूं कि मेरे द्वारा विज्ञापन में दिये गये सभी निर्देश भली–भांति पढ़ लिया गया है। उपरोक्त विवरण अनुसार दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य है। इसमें किसी प्रकार की गलत, असत्य एवं अपूर्ण जानकारी पाई जाने पर मेरा आवेदन / नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी।

स्थान– ..............................
दिनांक – ..............................

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर ..............................
नाम– ..........................................
पता– ..........................................

Adv

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार